हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज


भोपाल, शुक्रवार 18 सितंबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 आजादी के 79 साल बाद भी सड़क के लिए तरस रहा...



07 मां नर्मदा का पावन तट सेठानी घाट दीपों की रोशनी से हुआ रोशन



सेवा संकल्प अभियान के तहत समरसता नगर में चला स्वच्छता अभियान

सांसद ने गणेश पूजन कर किया शुभारंभ नपाध्यक्ष व अधिकारियों ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों ने भाग लिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गुरुवार को प्रातः 8 बजे न्यास कॉलोनी स्थित समरसता नगर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के साथ बस्ती को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए सामूहिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना रहा।

स्वच्छता अभियान का शुभारंभ सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने समरसता नगर में स्थापित श्री गणेश प्रतिमा की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया। इसके बाद सांसद सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, नगर पालिका के सफाई अमले और नागरिकों ने मिलकर स्वच्छता कार्य में सहभागिता की।



नपा अध्यक्ष, सफाई अमले ने किया श्रमदान

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों के साथ स्वयं कचरा एकत्रित कर श्रमदान किया। उन्होंने बस्ती में रह रहे नागरिकों से संवाद करते हुए स्वच्छता बनाए रखने और घरों से निकलने वाले कचरे को निर्धारित व्यवस्था के अनुसार ही देने की अपील की। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी केवल नगर पालिका की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

सांसद ने दिलाया स्वच्छता का संकल्प

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत श्रमदान के बाद सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने समरसता नगर के निवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का संकल्प दिलाया। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने घर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र को भी स्वच्छ रखने में सक्रिय भागीदारी निभाएं। सांसद ने कहा कि सेवा कार्य का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब जनप्रतिनिधियों, प्रशासन, नगर पालिका कर्मचारियों और आम नागरिकों की सहभागिता एक साथ हो। सामूहिक प्रयासों से ही स्वच्छता को स्थायी रूप से बेहतर बनाया जा सकता है। स्वच्छता अभियान में स्वास्थ्य समिति सभापति राकेश जाधव, सदस्य योगेन्द्र सिंह राजपूत, एल्डरमैन आशीष कुमार,पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार बाबरिया,प्रशांत अग्रवाल, मेहरबान सिंह, ऋषभ सिंह चौहान सहित ओएस राजेन्द्र शर्मा, इंजीनियर मयंक अरोरा, कमल आर्य, जगदीश पटेल, मोहन कांडारे, नगर पालिका के कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में बस्तीवासी उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने भी संभाली सफाई की जिम्मेदारी

अभियान में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नीलेश शर्मा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेखा जाटव ने भी सफाई कार्य में श्रमदान किया। अधिकारियों ने सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर बस्ती के विभिन्न हिस्सों में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया तथा आवश्यक स्थानों पर सफाई कार्य कराया। सीएमओ सुश्री सुरेखा जाटव ने सफाई अमले को निर्देश दिए कि नागरिकों के साथ समन्वय बनाकर नियमित सफाई व्यवस्था को बेहतर किया जाए।

मुस्कान बालिका गृह में रह रही एक बालिका को माता पिता और परिजनों ने साथ रखने से किया इनकार

शिक्षा एवं पुनर्वास के लिए शुरू हुई संस्था में लगातार भेजी जा रहीं प्रेम-प्रसंग और घर छोड़ने के मामलों से जुड़ी किशोरियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कम उम्र में प्रेम-प्रसंग, पारिवारिक नाराजगी और संवाद की कमी के कारण घर छोड़ने वाली किशोरियों के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ऐसे मामलों में समझाइश, काउंसलिंग और पारिवारिक सहयोग की आवश्यकता होती है, लेकिन कई परिजन गुस्से में अपनी बेटियों को दोबारा घर में रखने से ही इनकार कर रहे हैं। इसका सीधा दबाव बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और पुनर्वास के लिए संचालित संस्थाओं पर पड़ रहा है।

बाल कल्याण समिति रायसेन के आदेश पर एक किशोरी को देखरेख एवं संरक्षण के लिए मुस्कान बालिका गृह इटारसी भेजा गया था। बाद में बालिका बिना अनुमति संस्था से चली गई। संस्था द्वारा पुलिस को इसकी सूचना देने के साथ बालिका और उसके परिजनों से लगातार संपर्क बनाए रखा गया। बालिका के भोपाल स्थित अपनी बहन के घर होने की जानकारी मिलने पर मुस्कान बालिका गृह की टीम भोपाल पहुंची और उसे सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया। संस्था की टीम बालिका को लेकर बाल कल्याण समिति रायसेन के समक्ष उपस्थित हुई।

माता-पिता, बहन और अन्य परिजनों को बुलाया

बाल कल्याण समिति ने बालिका के माता-पिता, बहन और अन्य परिजनों को बुलाकर उससे संबंधित परिस्थितियों पर चर्चा की। परिजनों को बालिका को अपने साथ रखकर उसकी देखभाल और सुरक्षित पुनर्वास करने के लिए कहा गया, लेकिन माता-पिता सहित किसी भी परिजन ने उसे अपने साथ ले जाने तथा घर में रखने की सहमति नहीं दी। परिजनों के इनकार के बाद बाल कल्याण समिति रायसेन ने बालिका को पुनः मुस्कान बालिका गृह इटारसी भेजने का आदेश दिया। संस्था ने समिति के आदेश का पालन करते हुए बालिका को दोबारा संरक्षण में लिया है।

गुस्से में बेटी को अस्वीकार करना हल नहीं

बाल संरक्षण से जुड़े लोगों का कहना है कि किशोरावस्था में भावनात्मक आकर्षण, मोबाइल और सोशल मीडिया का प्रभाव, पारिवारिक तनाव तथा संवाद की कमी के कारण बालिकाएं कई बार जल्दबाजी में घर छोड़ देती हैं। ऐसे समय उन्हें परिवार की डांट या अस्वीकार किए जाने के बजाय संवेदनशील व्यवहार, नियमित काउंसलिंग और भावनात्मक सहयोग की आवश्यकता होती है।

परिजनों का अत्यधिक गुस्सा और बेटी को साथ रखने से इनकार करना किशोरियों को परिवार से और दूर कर सकता है। कई प्रकरणों में बालिकाएं घर लौटना चाहती हैं, लेकिन परिवार उन्हें स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं होता। परिणामस्वरूप बालिकाओं को लंबे समय तक संस्थाओं में रहना पड़ता है। मुस्कान जैसी संस्थाएं जरूरतमंद, निराश्रित और संकटग्रस्त बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा एवं पुनर्वास के उद्देश्य से प्रारंभ की गई थीं। अब दूसरे जिलों से कम उम्र के प्रेम-प्रसंग, पारिवारिक विवाद और घर छोड़ने के मामलों में किशोरियों को लगातार संस्थाओं में भेजा जा रहा है। इनमें से कई किशोरियां संस्था में रहने के लिए मानसिक रूप से तैयार नहीं होतीं और बार-बार बाहर जाने का प्रयास करती हैं। इससे संस्था को उनकी सुरक्षा, काउंसलिंग, शिक्षा और पुनर्वास की व्यवस्था करने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

केवल संस्था में भेज देना स्थायी समाधान नहीं

किशोरियों को लंबे समय तक बालिका गृह में रखना समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। संबंधित जिले के प्रशासन, बाल कल्याण समिति, पुलिस और परिवार को मिलकर समयबद्ध सामाजिक जांच, नियमित काउंसलिंग और सुरक्षित पारिवारिक पुनर्वास की व्यवस्था करनी होगी। परिजनों को भी समझना होगा कि किशोरावस्था की गलती पर बेटी से संबंध तोड़ना या उसे अस्वीकार करना उसकी सुरक्षा को और खतरे में डाल सकता है। परिवार का सहयोग, संवाद और संवेदनशील व्यवहार ही बालिका को सामान्य जीवन तथा शिक्षा की मुख्यधारा में वापस लाने का सबसे प्रभावी माध्यम है।

रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र एवं पौधे भेंट सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा एवं जनकल्याण के 25 वर्ष पूर्ण होने तथा उनके जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को जिला चिकित्सालय, नर्मदापुरम में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए रक्तदान किया। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने रक्तदान शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं से चर्चा की तथा उन्हें रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने शिविर में रक्तदाताओं के पंजीयन की स्थिति की जानकारी ली और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र एवं पौधे भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। जरूरत के समय उपलब्ध कराया गया।

सेवा ही संकल्प अभियानः चित्रगुप्त घाट पर कायस्थ समाज ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन एवं सार्वजनिक सेवा में उनके 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गुरुवार को स्थानीय चित्रगुप्त घाट पर अखिल भारतीय कायस्थ समाज की मातृशक्ति एवं पुरुषों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। समाजजनों ने घाट परिसर में श्रमदान करते हुए साफ-सफाई की और स्वच्छता का संकल्प लिया। इस मौके पर मंजुला श्रीवास्तव , मातृशक्ति अध्यक्ष ज्योति वर्मा , प्रीती खरे , सुमन वर्मा , रितु श्रीवास्तव, प्रिया श्रीवास्तव, अनीता वर्मा , विजय वर्मा, अशोक वर्मा , नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा , समाजसेवी सुनील राय, ऋषिकेश श्रीवास्तव, मनोज वर्मा, प्रत्यक्ष खरे , जानकी, लालता प्रसाद, अदिति वर्मा साहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रखर समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त शिक्षिका मंजुला श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उनके कार्यकाल एवं जनसेवा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए।

विवेकानंद युवा मंडल ने मनाई विश्वकर्मा जयंती

माखन नगर। प्रांतीय अध्यक्ष प्रसन्न हरने के निर्देश अनुसार भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। मंडल अध्यक्ष नेमीचंद विश्वकर्मा ने बताया कि भगवान श्री विश्वकर्मा को सृष्टि का शिल्पकार कहा जाता है उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा द्वारा निर्मित इस संसार में हम सभी निवास कर रहे हैं इसलिए उनके प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता व्यक्त करना हमारा सौभाग्य है। इस अवसर पर,भगवान विश्वकर्मा की विधि विधान से पूजन अर्चना करने के पश्चात आरती की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष नेमीचंद विश्वकर्मा,योगेश मालवीय, राजकुमार,प्रशांत सोनी, मनीष, प्रकाश राजपूत, शिवेंद्र राजपूत ,सागर एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



महंगाई व टैक्स के मुद्दे पर कांग्रेस ने मनाया धिक्कार दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नगर कांग्रेस कमेटी इटारसी द्वारा 17 सितंबर को महंगाई, बेरोजगारी और टैक्स के मुद्दों को लेकर धिक्कार दिवस मनाया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के विरोध में प्रदर्शन किया और व्यापारियों को पर्चे वितरित किए।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत "गुड्डन" पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस जनता से जुड़े मुद्दों को लगातार उठाती रही है और आगे भी महंगाई, बेरोजगारी तथा व्यापारियों की समस्याओं को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने सरकार से आम जनता को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता महंगाई से, युवा बेरोजगारी से और व्यापारी टैक्स व विभिन्न शुल्कों के बोझ से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल, खाद्य सामग्री और रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं के बढ़ते दामों से आम परिवारों का बजट प्रभावित हो रहा है।

गोस्वामी ने डिजिटल भुगतान से जुड़े शुल्कों और UPI लेन-देन पर टैक्स संबंधी प्रस्तावों को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि अतिरिक्त आर्थिक बोझ का असर छोटे दुकानदारों और फुटकर व्यापारियों पर पड़ सकता है। उन्होंने सरकार से महंगाई पर नियंत्रण लगाने, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने और व्यापारियों को टैक्स व शुल्कों में राहत देने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने व्यापारियों को पर्चे वितरित किए और महंगाई, बेरोजगारी व टैक्स संबंधी मुद्दों पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर पार्टी आगे भी आंदोलन जारी रखेगी।

ये रहे उपस्थित

जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत "गुड्डन" पाण्डेय, नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी, सेवादल यंग ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष गजानन "गज्जू" तिवारी, प्रदेश सचिव राजकुमार उपाध्याय, मोहन झलिया, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष पंकज राठौर, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं नेता प्रतिपक्ष अजय शुक्ला, जिला कोषाध्यक्ष अतुल तिवारी, नगर प्रवक्ता मुकेश शर्मा "पिंकी" सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

महिला एवं बाल सुरक्षा विषय पर हुई कार्यशाला

नर्मदापुरम। पुलिस कंट्रोल रूम में 'महिला एवं बाल सुरक्षा' विषय पर विशेष पुलिस कार्यशाला का आयोजन किया गया । शहर में एसपी श्री साईं के मार्गदर्शन में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक विशेष 'पुलिस कार्यशाला' का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय 'महिला एवं बाल सुरक्षा' रखा गया। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का मार्गदर्शन करते हुए महिलाओं और बच्चों के प्रति होने वाले अपराधों में पूर्ण संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। कार्यशाला के दौरान महिलाओं और बच्चों के अधिकारों के संरक्षण तथा उनके विरुद्ध होने वाले अपराधों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

35 वर्ष पहले बालक का अपहरण कर हत्या करने वाले दोषी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शहर कोतवाली पुलिस ने 35 साल पुराने 10 वर्षीय बालक के अपहरण और हत्या के मामले में फरार चल रहे दोषी संजय दीवान (53) को उसके घर से गिरफ्तार किया है। संजय दीवान को इस मामले में कोर्ट आजीवन कारावास की सजा सुना चुका है। उसकी अपील हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से भी खारिज हो चुकी है। इसके बाद कोर्ट ने उसके खिलाफ स्थाई वारंट जारी किया था।

पुलिस ने आरोपी को विशेष न्यायालय में पेश किया। मेडिकल जांच के बाद कोर्ट ने उसे जेल भेजने के आदेश दिए।पुलिस के अनुसार, वर्ष 1991 में 10 वर्षीय प्रतीक उर्फ बिट्टू व्यास का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी गई थी। मामले में साक्ष्य छिपाने का भी आरोप था। जांच और सुनवाई के बाद कोर्ट ने संजय दीवान को दोषी माना और आजीवन कारावास की सजा सुनाई। संजय की ओर से सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की गई थी, जिसे 22 जुलाई 2010 को खारिज कर दिया गया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में भी अपील की गई, लेकिन 11 अक्टूबर 2023 को वहां से भी राहत नहीं मिली।कोतवाली टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने बताया कि सजा के बाद से संजय दीवान पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। उसके खिलाफ कोर्ट से स्थाई वारंट जारी था। पुलिस को सूचना मिली कि वह शहर के राजा मोहल्ला स्थित अपने घर में रह रहा है।

सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मकान की घेराबंदी की और अचानक दबिश दी और टीम ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेने के बाद जिला अस्पताल में मेडिकल कराया और फिर विशेष न्यायालय में पेश किया।

मुख्य सचिव बर्णवाल ने किया जिले का भ्रमण, देखी व्यवस्थाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने जिले के भ्रमण के दौरान स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना के तहत संचालित पंजीयन प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर उपस्थित हितग्राहियों से चर्चा कर योजना के क्रियान्वयन एवं पंजीयन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली। मुख्य सचिव ने स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना की हितग्राही पार्वती बाई के पंजीयन की पूरी प्रक्रिया को स्वयं देखा। उन्होंने पंजीयन प्रक्रिया में गवाह के रूप में उपस्थित नरेंद्र चौरे एवं गिरधारी चौरे से भी चर्चा की तथा पंजीयन की प्रक्रिया और इसमें लगने वाले आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात मुख्य सचिव ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र, पांजरा कलां का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां उपलब्ध निरीक्षण पंजीयों का अवलोकन किया।

कलाकारों ने दी भजनों की सुमधुर प्रस्तुतियां, मंत्रमुग्ध हुए श्रृद्धालु

प्राचीन श्री दाऊजी मंदिर सेठानी घाट में धूमधाम से मना बलदाऊजी जन्मोत्सव, भजनों की बही रसधारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



पवित्र मां नर्मदा के पावन सेठानी घाट स्थित प्राचीन श्री दाऊजी का मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलदेव (बलदाऊजी) महाराज का पावन जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। गुरुवार, 17 सितंबर 2026 को आयोजित इस भव्य जन्मोत्सव में सुबह से ही मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

भजन गायिका आशा राजपूत ने बांधा समांजन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर प्रांगण में विशेष धार्मिक एवं भजन संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुई भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायिका आशा राजपूत ने अपने सुमधुर कंठ से भगवान के एक से बढ़कर एक सुंदर भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

जय श्री राधे के जयकारों के बीच प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते नजर आए।संगत कलाकारों की शानदार जुगलबंदी भजन कार्यक्रम के दौरान वाद्ययंत्रों और संगत पर नगर व क्षेत्र के प्रतिष्ठित कलाकारों ने अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया गायन संगत प्रशांत रैकवार, शैलेंद्र तिवारी एवं राकेश बनाफर ऑर्गन वादन अतुल शर्माऑक्टोपैड (पैड) लोकेश चौधरीढोलक वादन लोकेश यादवकलाकारों की मधुर धुनों और तालमेल ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

आरती व महाप्रसाद के साथ हुआ समापन

कार्यक्रम के अंत में भगवान बलदाऊजी और ठाकुर जी की विशेष पूजा-अर्चना एवं महाआरती संपन्न हुई। आरती के पश्चात उपस्थित सभी धर्मप्रेमी बंधुओं व श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया गया। जन्मोत्सव में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों एवं दर्शनार्थियों ने भाग लेकर धर्मलाभ उठाया।

स्व.प्रशांत दुबे की पुण्यतिथि पत्रकार संघ ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



स्थानीय पीपल चौक स्थित पत्रकार भवन में वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय प्रशांत दुबे की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारों एवं उपस्थित गणमान्यजनों ने स्वर्गीय प्रशांत दुबे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व और पत्रकारिता के क्षेत्र में किए गए योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दी । नर्मदांचल पत्रकार संघ के अध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी ने कहा कि स्वर्गीय प्रशांत दुबे ने पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई थी। उनके द्वारा किए गए कार्य और पत्रकारिता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सदैव स्मरणीय रहेगी। उन्होंने कहा कि पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम उनके प्रति सम्मान और उनकी स्मृतियों को जीवंत रखने का माध्यम है। इस मौके पर पत्रकार राजेश तिवारी , विपिन महंत , रुद्र प्रताप, विजय कुंभारे , पंकज शुक्ला , पुरुषोत्तम मालवीय, हेमंत राजपूत, प्रदीप गुप्ता, कमलेश चौधरी, एन डी दीक्षित, मनोज सोनी, कन्हैया लाल वर्मा, गोविंद चौधरी, गोलू अवस्थी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

रेत का परिवहन करते ट्रेक्टर-ट्रॉली जब्त



बैतूल। वन विभाग ने गश्ती के दौरान ताप्ती सर्कल के गोनीघाट में अवैध रूप से रेत उत्खनन करते हुए ट्रेक्टर ट्राली जप्त किया। आरोपी गुलाब यादव पिता अमर यादव निवासी गोनीघाट के विरूद्ध नियमानुसार वन अपराध पंजीबद्ध किया गया। यह कार्रवाही बैतूल वन वृत्त के दक्षिण (सा.) वनमंडल अंतर्गत वन संरक्षक वन वृत्त बैतूल मधु व्ही. राज (भा.व.से.), वनमंडलाधिकारी अरिहन्त कोचर (भा.व.से.), एवं उपवन मंडलाधिकारी आमला (सा.) जितेन्द्र कुमार (भा.व.से.), के मार्गदर्शन एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी ताप्ती (सा.) दयानंद डेहरिया, के निर्देशन में की है। इस कार्यवाही में रमेश महस्की परिक्षेत्र सहायक महुपानी, राजू पठारिया वनरक्षक और पीयूष सारस्वत वनरक्षक, भैयालाल कुमरे वनरक्षक, की अहम भूमिका रही।

आयुर्वेद दिवस पर मांडवी में लगा स्वास्थ्य शिविर



बैतूल। 11वें आयुर्वेद दिवस 2026 के अवसर पर शासकीय आयुर्वेद औषधालय मांडवी द्वारा ताप्तीवैली पब्लिक स्कूल में सामुदायिक कल्याण एवं सतत जीवन शैली के लिए आयुर्वेद विषय पर स्वास्थ्य जागरूकता एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 175 लोगों ने सहभागिता की, जिसमें 85 पुरुष और 90 महिलाएं शामिल रहीं। शिविर में नागरिकों और विद्यार्थियों को निःशुल्क आयुर्वेद एवं सामान्य स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। चिकित्सकों ने प्रतिभागियों का प्रकृति परीक्षण कर दैनिक जीवनशैली से जुड़े सुझाव दिए। इस दौरान दैनिक दिनचर्या, ऋतुचर्या, संतुलित आहार, योग और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने संबंधी जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए आयुर्वेद प्रतिज्ञा दिलाई गई। आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्राम पटेल पंकज पटेल तथा ताप्तीवैली पब्लिक स्कूल के प्राचार्य रामप्रसाद बोड़े उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शासकीय आयुर्वेद औषधालय मांडवी के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. अतुल राय एवं फार्मासिस्ट डॉ. अभिषेक कासे ने किया।

गुणवत्ता प्रबंधन में बोरदेही वितरण केंद्र की बड़ी उपलब्धि



बैतूल। मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वृत्त बैतूल अन्तर्गत बोरदेही वितरण केंद्र के ग्राम बेहड़ी स्थित 5 एमवीए 33/11 के.वी. उपकेंद्र को गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के लिए आईएसओ 9001:2015 प्रमाण-पत्र प्राप्त हुआ है। यह प्रमाण-पत्र एलएमएस सर्टिफिकेशन प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ द्वारा जारी किया गया है। प्रमाण-पत्र के अनुसार उक्त उपकेंद्र की कार्यप्रणाली को आईएसओ 9001:2015 क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम के मानकों के अनुरूप पाया गया है। प्रमाण-पत्र में उपकेंद्र के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत 33/11 केवी उपकेंद्र, 33 केवी लाइन, 11 केवी लाइन एवं वितरण ट्रांसफार्मर के वितरण एवं संचालन संबंधी कार्यों को शामिल किया गया है। प्रमाण-पत्र की प्रारंभिक पंजीयन तिथि एवं प्रमाण-पत्र जारी होने की तिथि 15 सितंबर 2026 है तथा इसकी वैधता 14 सितंबर 2027 तक है। प्रमाण-पत्र का पुनर्प्रमाणीकरण वर्ष 2029 में निर्धारित है तथा इसकी वैधता संतोषजनक सर्विलांस ऑडिट के अधीन रहेगी। विद्युत वितरण व्यवस्था में गुणवत्ता, व्यवस्थित कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण तथा उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में यह प्रमाण-पत्र एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

ग्रामीण विकास के नाम पर करोड़ों खर्च, फिर भी मुख्य मार्ग से नहीं जुड़ पाया गांव

आजादी के 79 साल बाद भी सड़क के लिए तरस रहा गांव सलाईढ़ाना

दलदल में तब्दील सलाईढ़ाना-कोडर मार्ग से स्कूली बच्चों और मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

ग्रामीण विकास के नाम पर सरकार द्वारा करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन मुलताई क्षेत्र के कई गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझ रहे हैं। इसका उदाहरण ग्राम पंचायत बोरगांव-शेरगढ़ के सम्मिलित गांव सलाईढ़ाना में देखने को मिल रहा है। वर्धा नदी के तट पर बसे इस गांव के ग्रामीणों को आजादी के 79 वर्ष बाद भी बेहतर सड़क सुविधा नहीं मिल पाई है। सलाईढ़ाना से कोडर तक लगभग 400 मीटर का मार्ग बारिश के दिनों में दलदल में तब्दील हो जाता है। इसके चलते ग्रामीणों को स्वास्थ्य, शिक्षा सहित रोजमर्रा की जरूरतों के लिए आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार सलाईढ़ाना से कोडर और आगे कोडर से चीचंडा होते हुए फोरलेन तक पहुंचने का मार्ग है। चीचंडा मुख्य मार्ग और फोरलेन से जुड़ा हुआ गांव है, लेकिन सलाईढ़ाना से मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए ग्रामीणों को करीब साढ़े तीन किलोमीटर का कठिन सफर तय करना पड़ता है। खासकर बारिश के मौसम में यह दूरी ग्रामीणों के लिए बड़ी चुनौती बन जाती है।



400 मीटर का दलदली रास्ता बना सबसे बड़ी बाधा

ग्रामीणों का कहना है कि सलाईढ़ाना से कोडर के बीच करीब 300 से 400 मीटर का रास्ता लंबे समय से खराब है। बारिश के दौरान यहां कीचड़ और दलदल इतना बढ़ जाता है कि दोपहिया और चारपहिया वाहन चलाना तो दूर, पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। इसी मार्ग से ग्रामीणों को कोडर और आगे चीचंडा पहुंचना पड़ता है। गांव में केवल प्राथमिक विद्यालय होने के कारण बच्चों को मिडिल स्कूल की पढ़ाई के लिए प्रतिदिन कोडर जाना पड़ता है। वहीं हाईस्कूल की पढ़ाई के लिए विद्यार्थियों को चीचंडा तक पहुंचना पड़ता है। बारिश के दिनों में दलदली रास्ते के कारण बच्चों की सुरक्षा और उनकी नियमित पढ़ाई दोनों प्रभावित होने की आशंका बनी रहती है।

स्वास्थ्य सुविधा के लिए भी रास्ता बन जाता है अभिशाप

वर्षा ऋतु शुरू होते ही उनकी परेशानी बढ़ जाती है। रोजमर्रा के सामान से लेकर स्कूल, बाजार और अन्य जरूरी कार्यों के लिए ग्रामीणों को इसी रास्ते से गुजरना पड़ता है। सबसे गंभीर स्थिति तब बनती है जब किसी ग्रामीण को अचानक स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो जाए। खराब और दलदली रास्ते के कारण मरीज को समय पर अस्पताल तक पहुंचाना मुश्किल हो जाता है। सलाईढ़ाना निवासी नरेश पवार, उदल बरखाड़े, धनराज पवार, अशोक पवार और चंदन बडख़ड़े का कहना है कि गांव के लोगों को छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी शहर अथवा आसपास के बड़े गांवों का रुख करना पड़ता है। सडक़ की स्थिति खराब होने के कारण बारिश के दिनों में आवागमन अत्यंत कठिन हो जाता है।

अनियमितताओं की भेंट चढ़ गया 87 लाख का कोडर-चीचंडा मार्ग

ग्रामीणों ने कोडर से चीचंडा तक बने मार्ग की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए हैं। उनके अनुसार आरईएस विभाग द्वारा वर्ष 2025 में करीब 87 लाख रुपये की लागत से लगभग तीन किलोमीटर लंबे कोडर-चीचंडा मार्ग का निर्माण कराया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण के दौरान ही मार्ग की गुणवत्ता और पुलिया निर्माण को लेकर सवाल उठने लगे थे। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं और घटिया पुलिया निर्माण की शिकायत जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों से की थी, लेकिन उनके अनुसार शिकायतों के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। अब निर्माण को एक वर्ष भी पूरा नहीं हुआ है और सडक की स्थिति खराब होने लगी है। ग्रामीणों के मुताबिक मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे दिखाई दे रहे हैं, जो निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब मुख्य मार्ग के निर्माण में लाखों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद सडक की स्थिति इतनी जल्दी खराब हो रही है तो ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की निगरानी पर भी सवाल उठना स्वाभाविक है।

सलाईढ़ाना-कोडर मार्ग निर्माण की मांग

ग्राम निवासी हरिराम भलावी, राजू कोकोड़े, ओझन कोकोड़े, गुड्डू महाजन, सुनील बुवाड़े, विजय बुवाड़े, मांगी बेले, लोकेश साहू और श्रीराम बेले सहित अन्य ग्रामीणों ने सलाईढ़ाना से कोडर तक सडक निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सलाईढ़ाना से कोडर तक सडक का निर्माण हो जाए तो कम से कम ग्रामीणों को कोडर तक पहुंचने में सुविधा मिल सकेगी। इससे विशेष रूप से स्कूली बच्चों को राहत मिलेगी, जो प्रतिदिन कोडर में मिडिल स्कूल और चीचंडा में हाईस्कूल जाने के लिए इसी मार्ग पर निर्भर हैं। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से मांग की है कि सलाईढ़ाना-कोडर मार्ग की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण कराकर जल्द सडक निर्माण कराया जाए।

ज्ञापन सौंपकर कराया अवगत

स्थानीय मजदूरों को सतपुड़ा प्लांट में मिले प्राथमिकता, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

सतपुड़ा थर्मल पावर प्लांट में पुरानी इकाइयों के डिस्मेंटलिंग का कार्य चल रहा है। इस कार्य में दूसरे राज्यों से आए मजदूरों को अधिक संख्या में रखा गया है। भारतीय मजदूर ठेका श्रमिक संघ के महामंत्री विनोद भारती, अध्यक्ष प्रकाश गांठें, वरिष्ठ पदाधिकारी कुंदन सिंह, सतीश बामने,आकाश बानवंशी ने बताया कि पूर्व में भी सतपुड़ा प्लांट में डिस्मेंटलिंग का कार्य किया जा चुका है और यह कार्य भी स्थानीय मजदूरों ने किया था।

इस प्रकार स्थानीय मजदूरों को इस कार्य का काफी अनुभव है और स्थानीयता को महत्व देते हुए स्थानीय मजदूरों को अधिक संख्या में डिस्मेंटलिंग के कार्य में रखना चाहिए। डिस्मेंटलिंग के कार्य में स्थानीय मजदूरों को काम पर रखने के लिए कहे जाने पर अक्सर चिनार कंपनी के अधिकारियों द्वारा कहा जाता है कि जब इकाइयों को काटकर नीचे गिरा दिया जाएगा तो स्थानीय मजदूरों को काम पर रखेंगे अभी हाइट पर काम चल रहा है जबकि बहुत सारा काम जमीनी स्तर पर भी चल रहा है जिसमें बहुत सारे बाहरी मजदूर ही काम कर रहे हैं। इस प्रकार भ्रमित किया जा रहा है एवं सतपुड़ा प्लांट में नई यूनिट का निर्माण कार्य भी चल रहा है, जिसमें बी एच ई एल कंपनी की पेटी कॉन्टैक्टर कंपनी बीबीजी द्वारा स्थानीय स्तर पर बहुत कम रेट पर कार्य दिया जा रहा है। जिसके कारण भी मजदूरों का शोषण होता है, जबकि नये प्लांट के निर्माण कार्य में हर वर्क के स्टैंडर्ड गाइडलाइन के अनुसार रेट होते हैं मगर बी एच ई एल की पेटी कॉन्टैक्टर कंपनी बीबीजी ने तो काम के रेट बहुत ही कम निर्धारित कर रखे हैं जिसके कारण भी मजदूर एवं युवाओं में आक्रोश बढ़ रहा है। सतपुड़ा थर्मल पावर प्लांट में डिस्मेंटलिंग के कार्य के लिए एवं नई यूनिट के निर्माण कार्य को लाने के लिए पूर्व में संघ द्वारा भी अनेकों प्रयास किए गए जिसके परिणाम स्वरुप यह बड़े कार्य सतपुड़ा प्लांट में आए और रोजगार का एक सुनहरा अवसर भी आया लेकिन बड़ी संख्या में स्थानीय मजदूर अभी भी रोजगार से दूर है। बड़ी संख्या में जल्द स्थानीय युवाओं एवं मजदूरों को रोजगार नहीं मिला तो संघ द्वारा आंदोलन किया जा सकता है।

युवा कांग्रेस ब्लॉक घोड़ाडोंगरी की कार्यकारिणी बैठक

घोड़ाडोंगरी। युवा कांग्रेस ब्लॉक घोड़ाडोंगरी की महत्वपूर्ण ब्लॉक कार्यकारिणी बैठक 18 सितंबर, शुक्रवार को दोपहर 1 बजे राठौर मैरिज लॉन, घोड़ाडोंगरी में आयोजित की जाएगी। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने, युवाओं की संगठन में सक्रिय भागीदारी बढ़ाने सहित विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा की जाएगी। बैठक में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष संजय सरदार यादव जी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस दौरान युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर चर्चा की जाएगी तथा आगामी कार्यक्रमों के संबंध में दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रुपेश मोरवंशी ने ब्लॉक के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से बैठक उपस्थित होने की अपील की है।

पीड़ित ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

आरोपः उपचार में लापरवाही के कारण नवजात बच्चे की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैंसदेही

शासकीय अस्पताल भैंसदेही में उपचार में लापरवाही के कारण नवजात बच्चे की मौत हो जाने का आरोप पीड़ित पिता ने लगाया है। इसकी लिखित शिकायत भी एसडीएम अजित मेरावी से की गई है। शिकायत में कन्हैया वामने, निवासी चोपन ने बताया कि विगत 12 अगस्त को पत्नी को प्रसव (डिलीवरी) के लिए शासकीय अस्पताल भैंसदेही लेकर आया था। अस्पताल में मौजूद स्टाफ द्वारा मेरी पत्नी का उचित एवं समय पर उपचार नहीं किया गया तथा अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा यह कहकर बैतूल शासकीय अस्पताल ले जाने के लिए रेफर कर दिया गया, कि यहां उपचार संभव नहीं है। हम जैसे-तैसे बैतूल के लिए निकल गए, रास्ते में आमला के पास वाहन में ही मेरी पत्नि की डिलीवरी हो गई। उसके बाद जैसे-तैसे जच्चा-बच्चा को झलालार अस्पताल में लेकर गए तो गेट पर पहुंच कर बच्चे ने दम तोड़ दिया। उसके बाद झल्लार अस्पताल के डॉक्टर ने चेकअप किया तो उन्होंने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। डिलीवरी के बाद मेरे नवजात बच्चे की कुछ समय तक सांस चलती रही, लेकिन बाद में उसकी मृत्यु हो गई। पीड़ित का आरोप है कि शासकीय अस्पताल भैंसदेही में समय पर उचित उपचार एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधा नहीं मिलने तथा लापरवाही के कारण ही मेरे बच्चे की जान गई है। पीड़ित ने भैंसदेही एसडीएम से शिकायत कर मामले की निष्पक्ष जांच तथा शासकीय अस्पताल भैंसदेही के संबंधित डॉक्टर, कर्मचारियों की भूमिका एवं लापरवाही की जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

आवेदन मिला है

पीड़ित कन्हैया वामने द्वारा डाक्टरों की लापरवाही के खिलाफ विगत दिनों मुझे आवेदन दिया था, जिसकी जांच के लिए मैंने भैंसदेही अस्पताल के बीएमओ को पत्र लिखा है।

अजित मेरावी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, भैंसदेही

कांग्रेस पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों से की चर्चा

'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम से अधिक संख्या में जुड़ने का आह्वान



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

आगामी 19 सितंबर को इंदौर में आयोजित होने वाले ह्यछात्रों की गूंजह्न कार्यक्रम को लेकर मुलताई में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। स्थानीय शासकीय महाविद्यालय में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मुलताई के अध्यक्ष अरुण यादव के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों से मुलाकात कर कार्यक्रम के उद्देश्य और इसमें जुडऩे के माध्यमों की जानकारी साझा की। इस दौरान विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे 19 सितंबर को आयोजित होने वाले ह्यछात्रों की गूंजह्न कार्यक्रम से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ें। विद्यार्थियों को बताया गया कि वे कार्यक्रम में प्रत्यक्ष रूप से शामिल होने के साथ-साथ ऑनलाइन माध्यम से भी अपनी सहभागिता दर्ज करा सकते हैं।

छात्रों के साथ हुई चर्चा के दौरान पेपर लीक, परीक्षाओं से जुड़ी समस्याएं, भर्ती प्रक्रिया, बेरोजगारी, शिक्षा व्यवस्था तथा युवाओं के भविष्य जैसे विषय प्रमुखता से सामने आए। कांग्रेस पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों से उनकी समस्याओं और अनुभवों को लेकर चर्चा की, वहीं विद्यार्थियों ने भी शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी। कांग्रेस पदाधिकारियों के अनुसार, ह्यछात्रों की गूंजह्न कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और युवाओं को अपनी समस्याएं, अनुभव और सुझाव साझा करने के लिए एक संवाद का मंच उपलब्ध कराना है। उनका कहना है कि शिक्षा, रोजगार और प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषय युवाओं के भविष्य से सीधे जुड़े हैं, इसलिए इन मुद्दों पर विद्यार्थियों की राय और अनुभवों को सामने लाना आवश्यक है। कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों से संवाद के दौरान जिला महासचिव किशोर परिहार, नितेश साहू, लोकेश यादव, सचिन लिखितकर, हर्षित भाजपाई, अजय ठाकुर, महेश नागले, सुखदेव नरवरे एवं स्वास्तिक दुबे सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राशन वितरण में गड़बड़ी के लगाए आरोप, कलेक्टर से जांच की मांग

चारसी की शा.उचित मूल्य दुकान को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा आवेदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

ग्राम चारसी एवं गोंडीधनोरी के ग्रामीणों ने शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन को लेकर जिला कलेक्टर को आवेदन सौंपकर जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने दुकान के सेल्समैन एवं उनके साथ राशन वितरण में सहयोग करने वाले अन्य लोगों पर राशन वितरण में अनियमितता किए जाने के आरोप लगाए हैं। आवेदन में ग्रामीणों का आरोप है कि माह जून 2026 का राशन हितग्राहियों को वितरित नहीं किया गया तथा राशन को कथित रूप से अन्यत्र बेच दिया गया। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व में भी कुछ महीनों का राशन वितरित नहीं किए जाने की शिकायतें सामने आती रही हैं। उनका कहना है कि कई बार हितग्राहियों को राशन नहीं आने की बात कहकर वापस कर दिया जाता है।

दुकान के समय को लेकर भी शिकायत

ग्रामीणों ने आवेदन में उचित मूल्य दुकान के संचालन समय को लेकर भी शिकायत की है। उनका कहना है कि दुकान निर्धारित समय के अनुसार नियमित रूप से नहीं खुलती और कई बार दोपहर के समय ही बंद कर दी जाती है। दुकान खुलने की पूर्व सूचना ग्रामीणों को नहीं दिए जाने के कारण कुछ हितग्राही समय पर राशन लेने नहीं पहुंच पाते। अगले माह राशन मांगने पर उन्हें पिछले माह में राशन नहीं लेने की बात कहकर राशन देने से मना किए जाने का भी आरोप लगाया गया है।

जांच कर राशन दिलाने और कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन के कार्यकाल से अब तक राशन वितरण का रिकॉर्ड, स्टॉक, हितग्राहियों को किए गए वितरण और दुकान संचालन की जांच कराई जाए। साथ ही जून 2026 का राशन नहीं मिलने वाले हितग्राहियों को उनका राशन दिलाने तथा जांच में अनियमितता प्रमाणित होने पर संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की गई है। आवेदन पर ग्राम चारसी एवं गोंडीधनोरी के ग्रामीणों के हस्ताक्षर आवेदन के साथ अनिल भारतीय किसान सभा, जिला अध्यक्ष बैतूल, दुर्गाप्रसाद सिंगारे का नाम एवं मोबाइल नंबर भी उल्लेखित है।

बरेठा के 4 किमी घुमावदार घाट में दुर्घटनाओं और जाम से निपटने कदम

लाल मार्किंगः चालकों को रात में दूर से नजर आएगी पट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

बैतूल-औबेदुल्लागंज एनएच 46 पर बरेठा घाट के संवेदनशील हिस्सों में सडक़ पर लाल रंग की रोड मार्किंग की जा रही है। इसका उद्देश्य वाहन चालकों का ध्यान आकर्षित कर उन्हें विशेष रूप से रात में सतर्क करना और संवेदनशील हिस्से में वाहनों की गति कम कराना है।

दरअसल बरेठा घाट के संवेदनशील हिस्सों में लगातार हो रही सडक़ दुर्घटनाओं और हादसों के बाद लगने वाले जाम को देखते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने सडक़ सुरक्षा के लिए नया कदम उठाया है। बरेठा घाट करीब 4 किलोमीटर लंबा और घुमावदार क्षेत्र है। यहां लगातार मोड़ होने के कारण वाहन चालकों को सामने से आने वाले वाहनों का अंदाजा लगाने में परेशानी होती है। तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटना का खतरा रहता है। हादसा होने पर घाट के संकरे और घुमावदार हिस्से में वाहनों की कतार लग जाती है और यातायात प्रभावित होता है। कई बार जाम इतना लंबा रहता है कि यात्री वाहनों उसमें घंटो तक फंसे रहते है और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा बरेठा घाट में



लगातार घुमावदार मोड़ होने के कारण तेज रफ्तार हादसे का कारण बन सकती है।

वाहनों की गति को नियंत्रित करना मुख्य उद्देश्य

लाल मार्किंग का उद्देश्य वाहनों की गति नियंत्रित करना भी है। 5 एमएम मोटी लाल रंग की पट्टी पर जैसे ही वाहन चलेंगे तो वाइब्रेट मोड एक्टिव हो जाएगा। साथ ही लाल रंग की चमक देखकर चालक स्वाभाविक रूप से सतर्क होंगे और मोड़ वाले हिस्से में गति कम कर सकेंगे। इससे दुर्घटनाओं की संभावना कम करने में मदद मिलेगी। संवेदनशील वन क्षेत्रों से गुजरने वाले राजमार्गों पर इस तरह की चेतावनी और गति नियंत्रण तकनीकों का इस्तेमाल होता है। इसके अलावा ऐसे क्षेत्रों में इको-डक्ट, अंडरपास और ओवरपास बनाए जाते हैं, ताकि वन्यजीव सुरक्षित सडक़ पार कर सकें। पेंच टाइगर रिजर्व क्षेत्र से गुजरने वाले एनएच-44 पर भी वन्यजीवों की सुरक्षित आवाजाही के लिए ऐसे उपाय किए गए हैं।

ध्यान आकर्षित करेगी लाल रंग की पट्टी

सडक़ पर गहरे लाल रंग की मार्किंग का उद्देश्य वाहन चालकों का ध्यान आकर्षित करना है। रात में हेडलाइट की रोशनी में यह मार्किंग स्पष्ट दिखाई देगी। इससे चालक संवेदनशील हिस्से में प्रवेश करते समय सतर्क होकर वाहन की गति कम कर सकेंगे। इस तरह की मार्किंग का उपयोग वाहन चालकों को संभावित जोखिम वाले क्षेत्रों के प्रति सचेत करना है। बरेठा घाट में लाल रोड मार्किंग को लेकर अब उम्मीद है कि रात के समय वाहन चालकों को संवेदनशील हिस्से का पहले से संकेत मिलेगा और वे सावधानीपूर्वक वाहन चलाएंगे। इससे दुर्घटनाओं के साथ-साथ हादसों के कारण लगने वाले जाम को कम करने में भी मदद मिल सकती है।

रंबल स्ट्रिप और चेतावनी बोर्ड भी कारगर

राजमार्गों पर वाहनों की गति कम करने के लिए रंबल स्ट्रिप भी लगाई जा रही हैं। इनसे वाहन गुजरने पर कंपन और आवाज होती है, जिससे चालक का ध्यान सडक पर बना रहता है। वन्यजीव क्षेत्रों में चेतावनी बोर्ड, रिफ्लेक्टिव इंडिकेटर और अन्य सुरक्षा संकेतक भी लगाए गए हैं। संवेदनशील वन क्षेत्रों में वाहनों के शोर को कम करने के लिए साउंड बैरियर जैसी तकनीकों का भी इस्तेमाल किया जाता है। रातापानी सेक्शन में इस तकनीक का उपयोग किया गया है। एनएचएआई के अधिकारियों का कहना है कि लाल रंग वाहन चालकों को ध्यान तत्काल खींचता है। इससे वाहनों की गति भी नियंत्रित होती है, जिससे दुर्घटना का खतरा टल जाता है।

इनका कहना है

बरेठा घाट सेक्शन में 5 एमएम लाल रंग की रंबल स्ट्रिप चार किमी तक लगाई गई है। यह लाल रंग वाहन चालकों को ध्यान तत्काल खींचता है। इससे वाहनों की गति भी नियंत्रित होती है, जिससे दुर्घटना का खतरा टल जाता है।


- **केएल मीणा**, सुपराइजर, एनएचएआई

प्रधान सेवक मोदी के जन्मदिन पर सेवा से संकल्प अभियान का किया भव्य व दिव्य शुभारंभ

मां नर्मदा का पावन तट सेठानी घाट दीपों की रोशनी से हुआ रोशन

17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक संचालित होने वाले सेवा से संकल्प अभियान का शुभारंभ 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सेवा और जिम्मेदारी के 25 वर्ष पूर्ण होने पर नर्मदापुरम में अयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम उनकी जन सेवा और जिम्मेदारी को समर्पित रहा। स मनोहारी एवं भव्य दृश्य के साक्षी जिले के हजारों नागरिक बने। गुरूवार के दिन जिले भर में अनके कार्यक्रम आयोजित किये गये।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



प्रदेश में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक संचालित होने वाले सेवा से संकल्प अभियान का शुभारंभ 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सेवा और जिम्मेदारी के 25 वर्ष पूर्ण होने पर नर्मदापुरम में अयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम उनकी जन सेवा और जिम्मेदारी को समर्पित रहा। जन सेवा और सुशासन को समर्पित यह आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम में नागरिकों की सहभागिता ने अभियान की सार्थकता को प्रमाणित किया। अभियान का उद्देश्य जनसेवा, सुशासन, सामाजिक सहभागिता और जनकल्याण की भावना को और अधिक सशक्त बनाना है। इसी क्रम में नर्मदापुरम जिले में आयोजित दीपोत्सव ने सेवा, आस्था और सामूहिक सहभागिता का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया।

सेवा से संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम में नर्मदापुरम जिले ने अपनी सशक्त सहभागिता दर्ज कराई। गुरुवार को मां नर्मदा के पावन तट पर स्थित प्रसिद्ध सेठानी घाट पर 51 हजार दीपों का भव्य प्रज्वलन किया गया। हजारों दीपों की स्वर्णिम आभा से सेठानी घाट जगमगा उठा और पूरा नर्मदा तट दीपावली जैसी अलौकिक रोशनी से नहाया नजर आया। दीपों की कतारों ने घाट की सुंदरता में चार चांद लगा दिए। इस मनोहारी एवं भव्य दृश्य के साक्षी जिले के हजारों नागरिक बने।

दीपों की रोशनी में निखरा सेठानी घाट, उमड़ा जनसैलाब

सेठानी घाट पर आयोजित दीपोत्सव के दौरान घाट का प्रत्येक कोना दीपों की रोशनी से आलोकित हो उठा। मां नर्मदा की लहरों पर झिलमिलाती दीपों की आभा ने वातावरण को अत्यंत मनोहारी बना दिया। श्रद्धा और उत्साह से भरे नागरिकों ने इस ऐतिहासिक आयोजन में बढ़-चढ़कर सहभागिता की। बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति से सेठानी घाट पर उत्सव का वातावरण बना रहा। दीप प्रज्वलन के दौरान नागरिकों ने जनसेवा, सामाजिक दायित्व और सुशासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। साथ ही 51 हजार दीपों को प्रज्वलित कर इस आयोजन को नर्मदापुरम जिले की सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक बनाया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की जनसेवा को समर्पित आयोजन

उल्लेखनीय है कि जनसेवा और सुशासन को समर्पित यह दीपोत्सव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा एवं सुशासन के क्षेत्र में 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से उनकी सेवा भावना, जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता और राष्ट्रहित में किए जा रहे कार्यों के प्रति सम्मान एवं समर्पण व्यक्त किया गया।'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम में नागरिकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने सेवा से संकल्प अभियान की भावना को मजबूती प्रदान की। यह आयोजन केवल दीप प्रज्वलन तक सीमित न रहकर जनसेवा, सामाजिक दायित्व, आस्था और सामूहिक सहभागिता का संदेश देने वाला महत्वपूर्ण अवसर बना।


जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने की सहभागिता

भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के मुख्यसचिव अशोक बर्णवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, जनप्रतिनिधि श्रीमती प्रीति शुक्ला, नगर पालिका नर्मदापुरम अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव, जनपद पंचायत नर्मदापुरम अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, मध्यप्रदेश तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा, संभागायुक्त श्रीकांत बनोठ, सीसीएफ अशोक कुमार, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, डीआईजी संतोष सोलंकी, एसपी साई कृष्ण एस थोटा, डीएफओ गौरव शर्मा, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में नर्मदापुरमवासी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने दीप प्रज्वलित कर सेवा से संकल्प अभियान के प्रति अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने मां नर्मदा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए जनसेवा और सामाजिक कल्याण के कार्यों में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

मां नर्मदा की महाआरती से भक्तिमय हुआ वातावरण

दीपोत्सव के साथ मां नर्मदा की दिव्य एवं भव्य महाआरती का आयोजन भी किया गया। महाआरती के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से मां नर्मदा की आराधना की। इसके पश्चात मां नर्मदाष्टक का सामूहिक सस्वर पाठ किया गया। नागरिकों ने एक स्वर में मां नर्मदा की स्तुति करते हुए उनकी चरणवंदना की। महाआरती और नर्मदाष्टक के सामूहिक गायन से सेठानी घाट का वातावरण आध्यात्मिक एवं भक्तिमय हो उठा। मां नर्मदा के जयकारों और दीपों की रोशनी ने कार्यक्रम की भव्यता को और बढ़ा दिया।

आकर्षक आतिशबाजी ने बढ़ाई दीपोत्सव की रौनक



कार्यक्रम के दौरान मां नर्मदा के तट पर आकर्षक आतिशबाजी भी की गई। आसमान में बिखरी रंग-बिरंगी रोशनी और घाट पर जगमगाते 51 हजार दीपों ने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया। नागरिकों ने इस मनोहारी दृश्य का आनंद लिया और दीपोत्सव के उल्लास में सहभागिता की।

सेवा से संकल्प अभियान के उद्देश्यों को मिली मजबूती



17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक संचालित होने वाले सेवा से संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रदेशभर में विभिन्न जनकल्याणकारी, सामाजिक एवं सेवा गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। नर्मदापुरम में आयोजित 51 हजार दीपों का यह दीपोत्सव अभियान के प्रति जनभागीदारी और नागरिकों की प्रतिबद्धता का प्रभावी उदाहरण रहा। सेठानी घाट पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम ने नर्मदापुरम की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को नई गरिमा प्रदान की। मां नर्मदा की पावन धारा, दीपों की जगमगाहट, महाआरती की आध्यात्मिक ऊर्जा और नागरिकों की सामूहिक सहभागिता ने इस अवसर को अविस्मरणीय बनाया।

महाविद्यालय में प्रज्वलित हुआ आशीर्वाद का दीया



माखन नगर। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार एवं प्राचार्य डॉ.नीता चौबे के निर्देशन में माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर में छात्र छात्राओं द्वारा असंख्य दीप प्रज्वलित कर सेवा संकल्प अभियान की शुरुआत में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम की व्यवस्था तथा रूपरेखा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ.कविता दुबे ने बनाई 1 कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य ने सभी को इस अभियान की सफलता की शुभकामनाएं प्रेषित की। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने इस वाले अभियान की संपूर्ण जानकारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ.धर्मेंद्र सिंह चौहान ने दी 1 प्रतियोगिताओं के बारे में सुश्री श्रुतिका कांसकार ने बताया जिसमें ,चित्रकला ,भाषण, मॉडल निर्माण प्रमुख हे 1 विद्यार्थियों से भी अपील की गई की अपने घर पर भी पांच पांच दीये जलाएं तथा शाम को में परिसर स्थित मंदिर में भी दीप प्रज्वलित किए जाएंगे 1 इस अवसर पर डॉ. डी. एस.खत्री , डॉ.अमिताभ शुक्ला,सुश्री शीतल वर्मा, डॉ.संगीता मिश्रा के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे 1कार्यक्रम का संचालन तथा आभार डॉ.मनीष शर्मा ने किया 1

पीएम के जन्मदिन पर 'सेवा संकल्प अभियान' की शुरुआत नप ने पलकमती नदी घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' अंतर्गत गुरुवार सुबह सोहागपुर में पलकमती नदी के घाट पर स्वच्छता अभियान शुरू किया। वहीं सोहागपुर जनपद पंचायत द्वारा ग्राम रेवा बनखेड़ी में नर्मदा नदी के किनारे स्वच्छता अभियान संचालित किया गया है।

सोहागपुर नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि गुरुवार प्रातः आठ बजे से प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने पलकमती नदी किनारे एकत्रित होकर घाट की साफ-सफाई की। कार्यकर्ताओं ने नदी घाट से कचरा, पॉलीथिन एवं अनावश्यक झाड़ियों को हटाया तथा आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस दौरान 'स्वच्छ भारत - स्वस्थ भारत' एवं 'नमामि पलकमती' के नारे लगाए गए। अभियान में एसडीएम डॉ. बबीता राठौर, सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, मंडल प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष अर्चना साहू, नप अध्यक्ष लता यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश माहेश्वरी, पार्षदगण, भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेश मीडिया प्रभारी गौरव अग्रवाल, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल, शिवकुमार पटेल, बीईओ राकेश धुर्वे व मप्र जन अभियान परिषद कार्यकर्ताओं सहित नपकर्मी, भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की तथा स्वच्छता को निरंतर बनाए रखने का संकल्प लिया।

नर्मदातट पहुंचे जनप्रतिनिधि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा संकल्प अभियान का संचालन जपं द्वारा ग्राम रेवा बनखेड़ी में नर्मदा किनारे किया गया। सोहागपुर जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल ने बताया कि इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व ब्लॉक के अधिकारियों ने नर्मदा नदी किनारे स्वच्छता अभियान संचालित किया। पॉलिथीन एवं कचरा का संग्रहकर उचित निपटारा किया गया। अभियान संपन्नता के बाद सभी ने स्वच्छता को निरंतर बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान जपं अध्यक्ष जालमसिंह पटेल, तहसीलदार शक्ति तोमर, जपं सीईओ श्रीराम सोनी, नायब तहसीलदार रामसिपाही मरावी एवं जपंकर्मी व ग्रामीण उपस्थित थे।

मारा गांव से दादा गुरु के सानिध्य में नमो नर्मदा सेवा पथ अभियान का शुभारंभ किया



माखन नगर। गुरुवार को ग्राम मारा गांव में नमो नर्मदा सेवा पथ अभियान का शुभारंभ अवधूत संत दादा गुरु के सानिध्य में हुआ पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा एवं नर्मदा भक्तों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया उपस्थित जन समुदाय को दादा गुरु ने मां नर्मदा एवं नर्मदा जल की महिमा बताइ वही वृक्षों का मनुष्य जीवन में कितना महत्व है इसे विस्तार पूर्वक बताया कार्यक्रम में सांसद दर्शन सिंह चौधरी विधायक विजयपाल सिंह जन अभियान परिषद के तिवारी पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा ने भी अपने विचार रखे मां नर्मदा को स्वच्छ रखने एवं नर्मदा पथ पर पेड़ लगाने का संकल्प लिया कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सावित्री परनामे जिला पंचायत सदस्य उमेश यादव भाजपा नेता बबली पाराशर निखिलेश चतुर्वेदी ग्राम पंचायत मारा गांव के सरपंच हेमराज मीणा प्रशासनिक अधिकारी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व ग्रामवासी शामिल हुए।

300 स्थानों पर 1 लाख दीपक जलाकर महाआरती से जगमगा कर मनाया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत क्षेत्र की लगभग 52 ग्राम पंचायत क्षेत्र में तथा प्रत्येक मतदान केंद्र पर पंचायत में एक पंचायत में 500 दीपक लगभग 52 पंचायत है ग्रामीण क्षेत्रों में ही लगभग 148बूथो पर नगरपालिका परिषद क्षेत्र लगभग 47 बूथों पर नर्मदा नदी के तटों पर लगभग एक तट पर लगभग 5000दीपक से महाआरती एक मतदान केंद्र पर लगभग 11दीपक तथा साडियां, सिवनी घाट खैरा सुरेलाकिशोर माथनीसिवनी सहलवाडा सहित पर लगभग 25हजार दीपक जलाकर महाआरती होगी नर्मदा नदी किनारे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र में दीपों का महासागर नजर आया। सुबह से ही लगातार अधिकारी कर्मचारी वर्ग के साथ सैंकड़ों जनप्रतिनिधियों महिलाओं सहित की उपस्थिति में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कचरा जमा करने के बाद नगरपालिका के वाहनों में उठाया गया। झाड़ू लगाने का काम किया गया। उसके बाद दीपक जलाकर सेवा सुशासन सेवा संवाद सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों के साथ जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीपक जलाएं और जगमगाते हुए महाआरती की गई थी। पिपरिया के मंगलवारा चौराहे सामुहिक कार्यक्रम आयोजित नगरपालिका परिषद द्वारा किया गया।इस तरह से लगभग 1लाख मिट्टी के दीपक में लगभग 10किंवटल रुई की वाती तैयार कर और लगभग 7हजार 500 लीटर तेल से, आशीर्वाद का दिया, 0जलाऐ ग ए दीपोत्सव आयोजित किया गया। नर्मदा के किनारे मेला ग्राउंड में पंचायत भवन में बूथों पर चौराहे पर कुल मिलाकर लगभग 1लाख दीपक जलाकर लगभगदीपक के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आकृति रंगोली सजाकर बनाई गई थी। सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर सभी निचले स्तर के कर्मचारियों को तैनात किया गया। जिसमें लगभग 7हजार 500 लीटर तेल, 70किलो कपूर और लगभग 1किंवटल मोमबत्ती 2000माचिस की व्यवस्था की गई थी।सुत्रो से प्राप्त जानकारी अनुसार पंचायत की राशि नगरपालिका की राशि से ही कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। महिला बाल विकास विभाग आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से रंगोली सजाकर बनाई गई थी। लगभग 10हजार टन कचरा जमा किया गया।शहर के वार्ड से लेकर नर्मदा नदी किनारे तक उठाया गया। इन सभी कार्यक्रमों में सहभागी बने विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी खापरखेड़ा सुलभ गोदानी सरपंच पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी राजा भैया पटेल पवन वालिया विधानसभा प्रभारी नवनीत नागपाल जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल सेवा संकल्प अभियान सुशासन सेवा संभाग प्रभारी हरिशंकर जायसवाल, सभी सरपंच सचिव रोजगार सहायक सहित तहसीलदार वैभव बैरागी नायब तहसीलदार नीरज बैंस विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री लाल रघुवंशी भी आर सी प्रदीप शर्मा प्राचार्य संजीव दुबे अरविंद रघुवंशी सभी विद्यालयों के प्राचार्य शिक्षक शिक्षिकाओं जनपद सदस्य महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर एवं अन्य सभी स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

श्री चिंतामणि सार्वजनिक गणेश मंडल बैंक कॉलोनी का सराहनीय कदम

आस्था के साथ मानव सेवा का महाअभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



धर्म और आस्था को मानव सेवा से जोड़ते हुए श्री चिंतामणि सार्वजनिक गणेश मंडल, बैंक कॉलोनी द्वारा एक सराहनीय पहल की जा रही है। श्री लाल बाग के राजा की प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर मंडल द्वारा लगातार 12वें वर्ष विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक आयोजन के साथ रक्तदान जैसी जनसेवा को जोड़कर मंडल ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी और सेवा भावना का परिचय दिया है। रक्तदान को महादान और मानव जीवन बचाने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम माना जाता है। इसी भावना के साथ आयोजित होने वाले इस शिविर में नागरिकों से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की गई है। मंडल का यह प्रयास न केवल जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता में सहयोग करेगा, बल्कि समाज में मानव सेवा और परोपकार की भावना को भी मजबूत करेगा।

आस्था के उत्सव में सेवा का संकल्प

श्री चिंतामणि सार्वजनिक गणेश मंडल द्वारा गणेशोत्सव की धार्मिक भावनाओं को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मंडल का मानना है कि भगवान श्रीगणेश की आराधना के साथ मानव जीवन की रक्षा के लिए योगदान देना समाजसेवा का महत्वपूर्ण उदाहरण है।

जिला प्रशासन एवं रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से आयोजित होने वाले इस शिविर में अधिक से अधिक नागरिकों की भागीदारी की अपेक्षा की गई है। आयोजन समिति ने स्वस्थ एवं पात्र रक्तदाताओं से इस पुनीत कार्य में सहभागिता कर जरूरतमंदों की मदद करने का आग्रह किया है।

18 सितंबर को होगा विशाल रक्तदान शिविर

श्री चिंतामणि सार्वजनिक गणेश मंडल, बैंक कॉलोनी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर 18 सितंबर 2026, शुक्रवार को सुबह 11:30 बजे से श्री चिंतामणि सार्वजनिक गणेश मंडल पंडाल, बैंक कॉलोनी, इटारसी में आयोजित किया जाएगा।

रक्तदान करने के इच्छुक व्यक्ति 7974964448 नंबर पर संपर्क कर अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक होंगे अतिथि

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर नर्मदापुरम सोमेश मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम साई कृष्णा एस थोटा उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति ने शहरवासियों से बड़ी संख्या में शामिल होकर रक्तदान शिविर को सफल बनाने और मानव सेवा के इस अभियान में सहभागी बनने की अपील की है।

संत को धमकाने वालों पर कार्रवाई की मांग भक्तों ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



देश के ख्यात संत पं. कमल किशोर नागर को धमकी भरा पत्र मिलने पर उनके भक्तों में रोष है। मामले में संत पं. नागर भक्त मंडल सोहागपुर ने गुरुवार को मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम डॉ. बबीता राठौर को ज्ञापन सौंपा तथा कार्यवाही की मांग की है।

ज्ञापन के माध्यम से संत को धमकाने वाले व्यक्ति पर कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि चार सितंबर 2026 को जन्माष्टमी पर गझाबुआ में संत पं. कमल किशोर नागर द्वारा धर्मांतरण, गौ तस्करी जैसी गतिविधियों के विरुद्ध जन जागरण सभा का आयोजन किया जा रहा था। इसके बाद संत को एक धमकी भरा पत्र प्राप्त हुआ। पत्र की भाषा एवं विषय वस्तु प्रथम दृष्टया गंभीर व चिंताजनक है। नागरिकों ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि संत पं. कमल किशोर नागर राष्ट्र की धरोहर हैं तथा सनातन की धर्म ध्वजा हैं। अतः उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना अति आवश्यक है। नागरिकों ने मामले की गंभीरता को समझते हुए मुख्यमंत्री से मांग की है कि धमकी भरे पत्र प्रकरण की जांच की जाए एवं दोषी को खोजकर उस पर कार्रवाई की जाए। इस दौरान कृष्णा पालीवाल, भगवानदास, केसरी पटेल, बाबूजी पटेल, बलराम पटेल, भाई जी पटेल, प्रीतम सिंह, जेएस पटेल, अधिवक्ता विक्रम रघुवंशी एवं अन्य भक्तजन उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

युवक ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी की

हरदा। जिले के हंडिया थाना क्षेत्र के बेड़ी गांव में बुधवार दोपहर 35 वर्षीय युवक ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। वह चार बच्चों का पिता था। घटना के समय उसकी पत्नी तीन बच्चों के साथ पिछले आठ दिनों से मायके गई हुई थी। घर में युवक और उसकी 8 साल की बड़ी बेटी ही थे। बताया जा रहा है कि बुधवार दोपहर बेटी घर के बाहर खेलने गई थी। इसी दौरान युवक ने यह कदम उठा लिया। कुछ देर बाद जब बेटी घर लौटी तो उसने पिता को फंदे पर देखा। उसने तुरंत आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए हरदा जिला अस्पताल लाया गया। गुरुवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया गया। इसके बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। हंडिया पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।परिजनों के मुताबिक, मृतक की मां भी अपने भाई के घर गई हुई थीं। उसके पिता की कुछ साल पहले मौत हो चुकी है। करीब तीन साल पहले उसके छोटे भाई की भी करंट लगने से मौत हो गई थी। ऐसे में वह परिवार में अकेला कमाने वाला था। पुलिस युवक के इस कदम के पीछे की वजह की जांच कर रही है। फिलहाल घटना को लेकर कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है।

प्रधानमंत्री के जन्म दिन पर सेवा संकल्प अभियान शुरू

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष का कार्यकाल स्वर्णिम काल: कमल पटेल

जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर लगाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा





जिला चिकित्सालय हरदा में गुरूवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ पूर्व मंत्री कमल पटेल, पूर्व विधायक संजय शाह, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा ने किया। शुभारंभ सत्र में पूर्व मंत्री कमल पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्ष के कार्यकाल को स्वर्णिम काल बताया। उन्होने कहा कि विभिन्न जनहितैषी योजनाओं के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गरीब कल्याण, सुशासन के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है। इस दौरान बसंत राजपूत, योगमाया शर्मा, महिमा सारण, धर्मेन्द्र पाल, नितेश बादर, सौरभ तिवारी, अतुल बारंगे, अनिल राजपूत, पूजा शर्मा, प्रीति गहलोद, योगेन्द्र पटेल, आशुतोष गोस्वामी उपस्थित रहे। विशाल रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में युवा पहुँचे। रक्तदान को लेकर युवाओं में उत्साह देखा गया। जिला चिकित्सालय में आयोजित रक्तदान शिविर का अवलोकन वरिष्ठ आईएएस अनुराग चौधरी, प्रबंध संचालक मप्र मत्स्य महासंघ भोपाल ने किया। इस दौरान कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, पुलिस अधीक्षक शशांक, सहायक संचालक एमपीसेक मोना सिंह, सीएमएचओ डॉ.एच.पी.सिंह मौजूद रहे।

वरिष्ठ आईएएस श्री चौधरी ने रक्तदाताओं से चर्चा की और उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इन शिविरों के साथ अन्य सेवा गतिविधियों का भी आयोजन किया जावेगा। जिला चिकित्सालय हरदा में आयोजित रक्तदान शिविर में 35 यूनिट एवं टिमरनी में आयोजित शिविर में 62 यूनिट रक्त प्राप्त हुआ है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत लगेगा स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन व पंजीयन कैंप

हरदा। शासन की महत्वाकांक्षी योजना "स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन- 2026" के अंतर्गत जिला हरदा को पायलट जिले के रूप में चयनित किया गया है। इस हेतु सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में की ग्राम पंचायतों में विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गुरूवार को टिमरनी विकासखण्ड ग्राम गोंदागांवकला के ग्राम पंचायत कार्यालय में आयोजित स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन शिविर में पहुँचकर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर एसडीएम टिमरनी शैलेन्द्र बड़ोनिया, ग्राम सरपंच राकेश कलवानिया भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने अपने भ्रमण के दौरान ग्राम पिडगांव के ग्राम



पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया एवं उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर के भ्रमण के दौरान हरदा तहसील के पिडगांव में आयोजित शिविर का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

आज मसनगांव में लगेगा शिविर

इसी क्रम में हरदा विकासखंड के ग्राम मसनगांव में 18 सितम्बर को शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें रहटाखुर्द, रन्हाईकला, भाटपरेटिया, कुकरावद, कनारदा, धुरगाड़ा, सुखरास, खामापड़वा, कड़ोलाउबारी, पलासनेर, केलनपुर, बीड़, मसनगांव व कांकरिया के ग्रामीण शामिल होंगे। इस शिविर में उद्यम संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान को पूरी गंभीरता, संवेदनशीलता एवं जनहित की भावना के साथ संचालित करें, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचे और नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो सके।

नमूने लेकर जांच की

छात्राओं को सिखाए खाद्य पदार्थों में मिलावट पहचानने के तरीके



हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

टिमरनी में गुरुवार को खाद्य सुरक्षा विभाग के दल ने कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान होटल यू लाइक, आशीष रेस्टोरेंट एवं शासकीय पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की मध्यान्ह भोजन रसोई का निरीक्षण किया गया। इस दौरान चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के द्वारा आटा, मैदा, तुअर दाल, पुलाव, ग्रेवि, पनीर, एवं विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर उनकी जांच की गई। निरीक्षण के दौरान आशीष रेस्टोरेंट से पनीर का नमूना लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। इसके बाद शासकीय पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में खाद्य पदार्थों में मिलावट सम्बंधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को खाद्य पदार्थ दूध, दही, घी, पनीर, मसाले, इत्यादि में होने वाली मिलावट की पहचान के सरल तरीके बताए गए। कार्यवाही के दौरान जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र कांबले, चलित प्रयोगशाला के केमिस्ट हेमंत कीर तथा सहायक ब्रजेश पटेल उपस्थित रहे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कांबले ने बताया कि इसके पूर्व में ब्रजवासी मावा और मिष्ठान भंडार इंदौर रोड़ हरदा का मावा का नमूना लिया गया था जो कि अवमानक पाया गया था, जिसके फलस्वरूप सक्षम न्यायालय द्वारा पचास हजार रुपए का अर्थदंड किया गया। इसी प्रकार जैन चाय पान एंड कोलड्रिंक मेन रोड मांदला में निरीक्षण के दौरान अस्वच्छता पाई गई थी, जिसके फलस्वरुप सक्षम न्यायालय द्वारा 5 हजार रूपये का अर्थ दंड किया गया।

नर्मदे हर के जयघोष से गूंजेगी नार्मदीय समाज की शताब्दी गाथा

वर्तमान का मंथन और भविष्य के संकल्प, 22 व 23 को होंगे आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा



नार्मदीय ब्राह्मण समाज धर्मशाला के गौरवशाली 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नार्मदीय ब्राह्मण समाज मंदिर ट्रस्ट हरदा द्वारा 22 एवं 23 सितंबर को शताब्दी समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। दो दिनों तक चलने वाला यह आयोजन पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता, गौरवशाली विरासत के स्मरण और समाज के भविष्य के लिए नए संकल्पों का अवसर बनेगा। समारोह में देश-विदेश से नार्मदीय समाज के सामाजिक बंधु शामिल होंगे और 'नर्मदे हर' के जयघोष से ऐतिहासिक अवसर को गरिमा प्रदान करेंगे। मुख्य ट्रस्टी अशोक पाराशर ने बताया कि समारोह का मूल भाव उन 13 संस्थापक सदस्यों को कृतज्ञ नमन करना है, जिनकी दूरदृष्टि, समर्पण और सामाजिक चेतना से एक सदी पूर्व संस्था की नींव रखी गई थी। डेढ़ वर्ष से अधिक समय से चल रही तैयारियों के बाद आयोजित यह समारोह समाज की विभिन्न पीढ़ियों को एक सूत्र में जोड़ने का माध्यम बनेगा। ट्रस्टी राजेंद्र गुहा ने बताया कि 22 सितंबर को धर्मशाला परिसर में आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। मंगलाचरण, नर्मदा पूजन, विष्णु सहस्त्रनाम पाठ, सुंदरकांड पाठ, मातृशक्ति उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से धर्म, संस्कार, संस्कृति और सामाजिक एकात्मता का संदेश दिया जाएगा।

ट्रस्टी संजय काशिव ने बताया कि 23 सितंबर को गोपीकृष्ण गार्डन में शताब्दी समारोह का मुख्य आयोजन होगा। इस अवसर पर धर्मशाला के 100 वर्षों के इतिहास, समाज की उपलब्धियों, स्मृतियों और प्रेरक प्रसंगों को समेटने वाली स्मारिका 'आराध्या—एक अनमोल विरासत' का विमोचन किया जाएगा। ट्रस्टी ऋषि पारे ने बताया कि समारोह में समसामयिक विमर्श एवं संकल्प सत्र भी होगा। इसमें समाज के वर्तमान सरोकारों, चुनौतियों, नई पीढ़ी की भूमिका और आने वाले वर्षों की दिशा पर मंथन किया जाएगा। ट्रस्टी दीपक शुक्ला ने कहा कि शताब्दी समारोह उन पूर्वजों की विरासत को नमन है, जिसे उन्होंने त्याग, तपस्या और सामूहिक प्रयासों से निर्मित किया।

समारोह संयोजक संदीप पाराशर ने बताया कि आयोजन की तैयारियां पिछले डेढ़ वर्ष से चल रही हैं। उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं, बल्कि बुजुर्गों और संस्थापकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए नई पीढ़ी के लिए नई दिशा, सोच और संकल्प का मार्ग प्रशस्त करना है। महिला इकाई अध्यक्ष किरण काशिव ने मातृशक्ति उत्सव को समाज की नारी शक्ति, संस्कार और सहभागिता को समर्पित बताया। युवा इकाई अध्यक्ष अक्षय नेगी ने कहा कि समारोह युवाओं को अपनी जड़ों, परंपराओं और गौरवशाली विरासत से जोड़ने के साथ समाज के भविष्य के निर्माण की जिम्मेदारी का बोध कराएगा। समारोह का संदेश है कि पूर्वजों को कृतज्ञ नमन, विरासत का संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के लिए सशक्त, संस्कारित एवं संगठित समाज का निर्माण ही शताब्दी वर्ष की सार्थकता है।

दर्शन सिंह गेहलोत होंगे स्वदेशी मेला प्रमुख, 26 दिसंबर से मिडिल स्कूल में आयोजन

स्वावलंबन से ही विश्व में भारत की साख की परिस्थितियां निर्मित होंगी: चावला

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा



देश की सच्ची शक्ति तब प्रकट होती है, जब उसका प्रत्येक नागरिक आर्थिक, सामाजिक और मानसिक रूप से स्वतंत्र हो। अपने पैरों पर खड़ा होना और आत्मनिर्भर बनना हर युवा का सपना होना चाहिए। स्वदेशी, स्वावलंबन और नवाचार की राह पर आगे बढ़कर ही ऐसी परिस्थितियां निर्मित की जा सकती हैं, जिनसे विश्व में भारत की साख और धाक दोनों बढ़ेंगी।

यह बात स्वर्णिम भारत फाउंडेशन के चेयरपर्सन सतीश चावला ने शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं आदर्श महाविद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि युवाओं को नौकरी की तलाश तक सीमित रहने के बजाय स्वरोजगार, उद्यमिता और नवाचार के नए अवसर तलाशने चाहिए। आर्थिक आत्मनिर्भरता के साथ सामाजिक और मानसिक स्वतंत्रता भी आवश्यक है। स्वदेशी उत्पादों और स्थानीय संसाधनों को बढ़ावा देकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है। विशेष वक्ता स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक डॉ. एलएन पाराशर ने कहा कि युवा स्वरोजगार, स्टार्टअप और स्थानीय नवाचार की ओर कदम बढ़ाएं। स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर युवा अपनी आजीविका का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं और आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर सकते हैं। कार्यक्रम में प्रांतीय सह मेला प्रमुख रविलाल पटेल ने आदर्श महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिरोही को शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया।

26 दिसंबर से होगा स्वदेशी मेला

सतीश चावला के हरदा प्रवास के दौरान शाम को हरदा टोली की बैठक भी आयोजित हुई। इसमें स्वदेशी मेले के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। चावला ने कहा कि मेला केवल आर्थिक गतिविधियों का माध्यम नहीं होना चाहिए, बल्कि भारतीय संस्कृति, संस्कार, आपसी प्रेम, समन्वय और आनंद का प्रतीक भी बने। उन्होंने ऐसे आयोजनों को देशभर में बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए हरदा में आयोजित होने वाले स्वदेशी मेले के प्रमुख के रूप में दर्शन सिंह गेहलोत को नियुक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि लगातार तीसरे वर्ष हरदा में स्वदेशी मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला 26 दिसंबर से 4 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश की अवधि में मिडिल स्कूल ग्राउंड पर आयोजित होगा। कार्यक्रम एवं बैठक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य राठौर, मध्यभारत प्रांत के प्रांतीय अधिकारी श्रीकांत बुधौलिया, रविलाल पटेल, नर्मदापुरम विस्तारक अरुण मालवीया, नरेंद्र राठी, नरेंद्र भांबू, दर्शन सिंह गेहलोत, श्याम माहेश्वरी, योगमाया शर्मा, बसंत राजपूत, सूरज विश्नोई, त्रिलोक शर्मा, शुभम सोमानी, आकाश लहरी सहित हरदा टोली के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

मानव अधिकार आयोग के जिला संयोजक ने कलेक्टर से सौजन्य भेंट कर चर्चा की



खरगोन। कलेक्टर गुरु प्रसाद से मानव अधिकार आयोग के जिला संयोजक आशीष मेहता ने सौजन्य मुलाक़ात की। विस्तार से चर्चा के बाद आयोग से प्राप्त साहित्य कलेक्टर गुरु प्रसाद को भेंट किया। आयोग के स्थापना दिवस के अंतर्गत जिले में मानव अधिकारों के संरक्षण और संवर्धन पर विशेष कार्य योजना बनी। जिलाधीश ने प्रसन्नता व्यक्त क़रते हुये अपनी और से शुभ कामनायें प्रेषित की। उन्होंने जिले में जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया।आशीष मेहता ने बताया की आयोग के अध्यक्ष श्री ए पी सिंह के निर्देशानुसार जिले में मानव अधिकार के संरक्षण और संवर्धन हेतु जन जागरण शिविर आयोजित किए जाएंगे।

निमाड़ लोक परिषद की 25 विभूतियां होंगी सम्मानित

खरगोन। परिषद ने वर्ष 2026 के वार्षिक सम्मानों की घोषणा की है। इस वर्ष 25 विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह दिवंगत साहित्यकार गौरीशंकर गौरीश की स्मृति को समर्पित रहेगा और उक्त कार्यक्रम मेहरजा में होगा। प्रमुख सम्मानों में निमाड़ लोक साहित्य सम्मान सारिका जोशी महेश्वर, सोनिया सम्मान अरुण सातले खंडवा, संत सिंगाजी सम्मान जयराम दादा गवली, देवी अहिल्या सम्मान कल्पना यादव और निमाड़ गौरव सम्मान आनंद मालवीय बड़वानी को दिया जाएगा। नवनियुक्त अध्यक्ष मनीषा शास्त्री ने कहा कि निमाड़ी को मान्यता दिलाना और नई पीढ़ी को लोक से जोड़ना लक्ष्य है। बद्रीलाल चौधरी ने बताया, केंद्रीय नेतृत्व द्वारा जारी सूची के अनुसार अध्यक्ष मनीषा शास्त्री, महेश्वर को बनाया गया है। उपाध्यक्ष राजश्री शर्मा खंडवा, सचिव सीमा तारे भोपाल, सह सचिव सुषमा साथे खंडवा, कोषाध्यक्ष ममता चतुर्वेदी खरगोन और प्रचार सचिव कुसुम पाटीदार धामनोद होंगी। संरक्षक हेमलता उपाध्याय व पूर्णिमा चतुर्वेदी रहेंगी। मुख्य कार्यकारिणी के अध्यक्ष हरीश दुबे महेश्वर, उपाध्यक्ष जगदीश भाई बड़गांव, न्यास अध्यक्ष रमेश शर्मा गोगांवा, महिला इकाई अध्यक्ष रजनी उपाध्याय खरगोन, महासचिव राम शर्मा परिंदा और कोषाध्यक्ष हरिवल्लभ शास्त्री महेश्वर बनाए गए हैं। संरक्षक पद्मश्री जगदीश जोशीला हैं।

जर्जर टीन शेड से अंतिम संस्कार में हो रही भारी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭खरगोन



शहर के बावड़ी बस स्टैंड स्थित स्व बाला साहब ठाकरे मुक्तिधाम में व्यवस्थाओं की पोल खुल रही है। मुक्तिधाम में लगे पतरे के तीनों शेड पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं। टीन शेड जगह-जगह से टूटे-फूटे हैं, जिसके कारण अंतिम संस्कार के दौरान भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश में स्थिति और भी बदतर हो जाती है। बारिश होने पर चिता पर पानी गिरने से चिता बुझ जाती है, जिससे परिजनों को अंतिम संस्कार करने में काफी फजीहत झेलनी पड़ती है। स्थानीय निवासी राजू शर्मा ने बताया कि शहर में करोड़ों रुपये के विकास कार्य हो रहे हैं, परंतु जहां सबको अंत में जाना है, उस अंतिम स्थल मुक्तिधाम पर नगर पालिका का कोई ध्यान नहीं है। न ही शहर की जनता इस ओर ध्यान दे रही है। लोग इवेंट्स और अन्य कार्यक्रमों में पैसे की बर्बादी कर रहे हैं, लेकिन मुक्तिधाम जैसी महत्वपूर्ण जगह उपेक्षा का शिकार हो रही है। नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि बावड़ी बस स्टैंड स्थित मुक्तिधाम के तीनों जर्जर टीन शेडों को शीघ्र दुरुस्त किया जाए ताकि अंतिम संस्कार सम्मानजनक तरीके से हो सके। साथ ही मुक्तिधाम की बाउंड्री वॉल की ऊंचाई बढ़ाई जाए। लंबे समय से मुक्तिधाम के विकास की फाइल धूल खा रही है।

गो तस्करी: बजरंग दल कार्यकर्ताओं से अभद्रता, एएसआई लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

गो तस्करी की सूचना पर पहुंचे राष्ट्रीय बजरंग दल कार्यकर्ताओं से कथित तौर पर गाली-गलौज करने वाले सिद्दीकगंज थाने के एएसआई लोकेश नेवारे को एसपी सोनाक्षी सक्सेना ने लाइन अटैच कर दिया है। एएसआई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस की भूमिका पर सवाल उठ रहे थे। कार्यकर्ताओं ने कार्रवाई न होने पर थाने के घेराव की चेतावनी दी थी। जांच में एएसआई द्वारा अनावश्यक रूप से अभद्र भाषा के इस्तेमाल की पुष्टि हुई। इसके बाद एसपी ने उन्हें तत्काल प्रभाव से सिद्दीकगंज थाने से हटाकर पुलिस लाइन अटैच कर दिया। पूरा मामला 1 सितंबर की शाम करीब 7 बजे बजरंग दल का है। जब प्रखंड अध्यक्ष (खाचरोद) देवेंद्र सिंह और हेमंत सिंह को एक वाहन से गो तस्करी की सूचना मिली थी। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पुलिस के तत्काल न पहुंचने पर उन्होंने खुद कुसमनिया क्षेत्र में संदिग्ध वाहन का पीछा किया।

बीएसएनएल का भूमिगत ओएफसी बिछाने का मामला

सुरक्षित पौधरोपण वनक्षेत्र में पोकलेन मशीन कर रही खुदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या





इस आदिवासी अंचल में बीएसएनएल की भूमिगत ओएफसी बिछाने के लिए पोकलेन मशीन सुरक्षित पौधरोपण वनक्षेत्र में खुदाई कर रही है। इस दौरान उक्त मशीन द्वारा मीनार एवं फेंसिंग की भी परवाह किये बगैर अन्दर घुसकर बेरोकटोक खोदाई से व्यापक प्रतिक्रियाएं हो रही है। इस मामले में खरगोन वनमंडल के डीएफओ द्वारा दिए गए आदेश का पालन हो रहा है अथवा नहीं? उसे देखने वाला कोई नहीं है और वन अधिनियमों के उल्लंघन की आशंका है। सबरेंज झिरन्या (रेंज चिरिया) की बीट सपाटिया के कक्ष क्रमांक 737, मुनारा क्रमांक 820 (वर्ष 24) के दोनों ओर खुदाई की जा रही है। वहां खामखेडा फाटे के समीप है और आमड़ी के मध्य के अलावा वृक्षारोपण क्षेत्र को मशीनें रौंद रही है। यह मार्ग उक्त फाटे से आमड़ी होकर मोगरगांव-खरगोन की ओर जा रहा है,वहां उपस्थित श्रमिकों ने बताया कि फोन की लाइन का कार्य किया जा रहा है और कार्य कराने वाले आगे बैठे हैं।

जानकारी अनुसार कार्यालय वनमंडलाधिकारी, सामान्य वनमंडल खरगोन ने अपने पत्र क्रमांक/तकनीकी/2026/2419, दिनांक 18/03/2026 द्वारा प्रबंधक, बी.एस.एन.एल. भारत संचार निगम लिमिटेड, भोपाल को खरगोन जिले के अंतर्गत बिस्टान, चिरिया एवं तितरान्या परिक्षेत्र के कक्षों में कुल 12.598 हेक्टेयर वनभूमि में भूमिगत ओएफसी लाइन डालने की अनुमति दी थी। यह अनुमति प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू-प्रबंध) भोपाल के पत्र क्र/एफ5/0133/879134/2026 दिनांक 12.03.2026 की सशर्त स्वीकृति के आधार पर दी गई थी। इन शर्तों के अनुसार पहली, कार्य केवल 'मार्ग के किनारे-किनारे' किया जाए और दूसरी शर्त, कार्य शुरू करने से पहले संबंधित वन परिक्षेत्राधिकारी से संपर्क कर क्षेत्र हस्तांतरण की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इन शर्तों का पालन हो रहा है अथवा नहीं? इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। आदेश में कहा गया था कि रेंजर से संपर्क कर पंचनामा बनाकर वनक्षेत्र हस्तांतरित किया जाय,लेकिन मौके पर न तो कोई वन अधिकारी मौजूद था और दिनदहाड़े मशीन चलाई जा रही है। जिससे पौधों, झाड़ियों और फेंसिंग को नुकसान की संभावना के चलते कई सवाल उठ रहें हैं और यह कृत्य वन (संरक्षण एवं संवर्धन) अधिनियम, 1980 की धारा-2 का सीधा उल्लंघन है। शर्तों का उल्लंघन होने पर अनुमति स्वतः निरस्त मानी जाती है और धारा-3अ के तहत 1 वर्ष तक की जेल और जुर्माने का प्रावधान है। साथ ही भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 के तहत सुरक्षित वन में खोदाई दंडनीय अपराध है।

इनका कहना है

इस मामले में डीएफओ द्वारा बीएसएनएल को भूमिगत ओएफसी लाइन के लिए अनुमति जारी की गई है। इस आदेश को देखकर ही मैं बता पाऊंगी कि अनुमति कहां-कहां दी गई है और कहाँ नहीं ? इसके बाद ही मैं कुछ कह पाऊंगी।

अंजलि लौवंशी, प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी, चिरिया झिरन्या